Need to complete the construction of Dr. Y.S. Parmar Government Medical College at Nahan, Himachal Pradesh-laid

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) **:** मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज, नहान, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, की ओर दिलाना चाहता हूँ । इस कालेज की स्थापना 2016 में हुई थी । इसके भवन निर्माण के लिए 290 करोड रुपए आवंटित किए गए थे । इसके भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका था लेकिन बहुत समय से इस मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य लंबित पड़ा है । जिसके कारण ट्रेनी डाक्टरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

अत: मेरा माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि इसका कार्य शीघ्रातिशीघ्र दोबारा प्रारंभ करवाने के आदेश जारी कर दें ।